# पेटेंट कार्यालय, कोलकाता

## राजभाषा नीति के अनुपालन संबंधी वार्षिक कार्यक्रम

## (वित्तीय वर्ष 2026-27)

| क्र. सं. | विषय | कार्यक्रम का ब्योरा |
|---|---|---|
| 1. | **हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट**<br><br>अप्रैल - जून, 2026<br>जुलाई - सितंबर, 2026<br>अक्टूबर - दिसंबर, 2026<br>जनवरी - मार्च, 2027 | प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के बाद आईटी कार्यालय से मूल पत्राचार के आंकड़े प्राप्त होते हैं। जिसके बाद तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसी प्रकार तिमाही प्रगति रिपोर्ट महानियंत्रक कार्यालय को भेजने और राजभाषा विभाग के साइट पर अपलोड करने का कार्यक्रम है। |
| 2. | **राजभाषा कार्यान्वयन समिति**<br><br>अप्रैल - जून, 2026<br>जुलाई - सितंबर, 2026<br>अक्टूबर - दिसंबर, 2026<br>जनवरी - मार्च, 2027 | जनवरी – मार्च, 2026 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 20 मार्च, 2026 में आयोजित की गयी थी। तदनुसार आगामी 4 तिमाहियों की बैठक समान अंतराल पर आयोजित करने का कार्यक्रम है।<br>कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अप्रैल-जून, 2026 तिमाही की बैठक दिनांक 21.05.2026 में आयोजित की गयी थी। |
| 3. | **हिंदी कार्यशाला**<br><br>अप्रैल - जून, 2026<br>जुलाई - सितंबर, 2026<br>अक्टूबर - दिसंबर, 2026<br>जनवरी - मार्च, 2027 | प्रत्येक तिमाही के दौरान हिंदी कार्याशाला का आयोजन किया जाएगा।<br><br>कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्ष के दौरान कम से कम एक कार्यशाला में नामित किया जायेगा।<br><br>**जून में वर्ष की एक कार्यशाला को हिंदी व्याख्यानमाला के रूप में आयोजित करने का कार्यक्रम है।** |
| 4. | **भाषा प्रशिक्षण** | कार्यलय द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का भाषा प्रशिक्षण रोस्टर तैयार किया गया है।<br>वर्तमान में (पारंगत) सत्र हेतु तीन अधिकारियों को नामित किया गया है जो हिंदी शिक्षण विभाग, कोलकाता में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शेष अधिकारियों को भी आगामी सत्रों में चरणबद्ध रूप से नामित किए जाने |

| | | |
|---|---|---|
| | | का प्रस्ताव है, जिससे हिंदी शिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। |
| 5. | **नराकास** | प्रत्येक छमाही में नराकास की बैठकें आयोजित की जाती हैं जिसके लिए कार्यालय की छमाही प्रगति रिपोर्ट भेजी जाती है एवं बैठक में कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी शामिल होते हैं। |
| 6. | **सम्मेलन** | राजभाषा विभाग एवं वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से प्राप्त निदेशों के अनुसार वर्ष के दौरान आयोजित राजभाषा सम्मेलनों में कार्यालय की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। |
| 7. | **हिंदी पखवाड़ा** | महानियंत्रक कार्यालय द्वारा प्राप्त अनुमोदन के अनुसार सितंबर माह में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। और इस दौरान हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। |
| 8. | **विविध** | भारत सरकार गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी आदेशों का समय-समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने की कार्यवाही जारी रखने की योजना है। |